Ans. (d) : राजस्थान की लगभग सभी रियासतों ने 1818 तक गवर्नर जनरल लार्ड हेस्टिंग्स के कार्यकाल में अधीनस्थ गठबंधन की ब्रिटिश संधि कर ली। कम्पनी की ओर से राजपूत राज्यों से संधि करने वाला अधिकारी चार्ल्स मेटकाफ था। अलवर, भरतपुर एवं धौलपुर राज्यों ने लार्ड वेलेजली के कार्यकाल में ही सहायक संधि स्वीकार कर लिया था।

105. निम्नलिखित में से किस किले को 'मयूरध्वज गढ़' भी कहा जाता है?

(a) लोहागढ़ (b) मेहरानगढ़
(c) रणथम्भौर का किला (d) तारागढ़

वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 (06.11.2022)

Ans. (b) : 'मेहरानगढ़ का किला' को "मयूरध्वज गढ़" भी कहा जाता है। 'मेहरानगढ़ का किला' जोधपुर के गहने के रूप में प्रसिद्ध है। इस किले को 1459 में रावजोधा द्वारा जोधपुर में बनवाया गया था।

106. अकबर की शाही सेना ने किसके नेतृत्व में जोधपुर पर कब्जा किया?

(a) अब्दुल फजल (b) मानसिंह
(c) हुसैन कुलीखां (d) बदायूनी

कनिष्ठ अनुदेशक (कोपा) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (c) – अकबर की शाही सेना ने हुसैन कुली खाँ के नेतृत्व में काफी प्रतिरोध के बाद मई-जून, 1565 में जोधपुर पर अधिकार कर लिया, तत्कालीन शासक चंद्रसेन भागकर भाद्राजूण चला गया।

107. राव बीका ने किस वर्ष बीकानेर नगर की स्थापना की?

(a) 1459 ई. (b) 1488 ई.
(c) 1539 ई. (d) 1388 ई.

वन रक्षक-2020 दिनांक 12-11-2022 Shift-I

Ans. (b) : बीकानेर नगर की स्थापना राठौड़ वंशी शासक राव बीका ने 1488 ई. में किया था। इसकी स्थापना में 'नेहरा' नामक जाट ने भी राव बीका का सहयोग किया था जिसके कारण इस नगर का नाम बीकानेर पड़ा।

108. किस बीकानेर नरेश ने मुगल सम्राट अकबर की अधीनता स्वीकार की?

(a) राव लणकरण (b) राव कल्याणमल
(c) राव रायसिंह (d) रावबाका

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत) (डिप्लोमाधारक)-2020

Ans. (b) – बीकानेर नरेश राव कल्याणमल नवंबर 1570 ई. में अपने पुत्र रायसिंह व पृथ्वीराज के साथ नागौर में अकबर के समक्ष उपस्थित हुए और उसने अकबर की अधीनता स्वीकार कर ली। उल्लेखनीय है कि राव कल्याणमल बीकानेर के शासक थे जिन्होंने 1542 से 1574 ई. तक शासक किया था। खानवा के युद्ध में राव कल्याणमल ने राणा सांगा की तरफ से युद्ध में भाग लिया था।

109. बीकानेर राज्य तथा मुगलों के बीच प्रथम संधि पर हस्ताक्षर करने वाले शासक थे।

(a) राव बीका (b) कल्याणमल
(c) राम सिंह (d) अनूप सिंह

RPSC-2011

Ans. (b) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

110. बाबर के पुत्र कामरान और बीकानेर नरेश के मध्य युद्ध का वर्णन किस ग्रंथ में मिलता है?

(a) राव जैतसी रो छन्द (b) हाला-झाला
(c) हरि रस (d) भक्तमाल

RPSC-2022

Ans. (a) : बीकानेर नरेश राव जैतसी और शहजादा कामरान के मध्य हुए युद्ध का वणन 'राव जैतसी रो छन्द' में मिलता है। इसकी रचना बीठू सूजा द्वारा डिंगल भाषा में की गयी है। यह एक ऐतिहासिक रचना है। बीकानेर नरेश राव जैतसी ने 1534 ई. में काबुल के मुगल शासक कामरान (कुमायूँ के भाई) को पराजित किया था।

111. निम्नलिखित बीकानेर के शासकों में से किसने खानवा के युद्ध में राणा सांगा की ओर से भाग लिया?

(a) राव बीका (b) राव कल्याणमल
(c) महाराजा रायसिंह (d) राव लूणकर्ण

वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 (06.11.2022)

Ans. (b) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

112. बीकानेर के शासक रायसिंह का शासन काल था-

(a) 1556-1605 ई. (b) 1574-1610 ई.
(c) 1574-1612 ई. (d) 1571-1608 ई.

RPSC Kanishta Abhiyanta (Y.V.) 20-05-2022, Shift-II
RPSC Collage Lecturer 31-08-2018

Ans. (c) : बीकानेर के शासक रायसिंह का शासन काल 1574–1612 ई. तक था। राव रायसिंह 1574 ई. में 'महाराणाधिराज' की उपाधि के साथ बीकानेर के शासक बने। इन्होंने बीकानेर में जूनागढ़ दुर्ग का निर्माण करवाया था। इन्हें 'राजपूताने का कर्ण' कहा जाता है। राव रायसिंह को राजपूताने का कर्ण मुंशी देवी प्रसाद ने कहा था। 1574 ई. में अकबर की सेना ने जोधपुर पर अधिकार कर लिया था तत्पश्चात् बादशाह अकबर ने राव रायसिंह को जोधपुर का प्रशासक नियुक्त कर दिया। राव राय सिंह की मृत्यु बुरहानपुर में हुई थी।

113. राव रायसिंह को 'राजपुताने का कर्ण' किसने कहा?

(a) मुंशी देवी प्रसाद (b) गंगानंद मैथिल
(c) बिठू सूजा (d) चिन्तामणि भट्ट

VDO-2021 Exam Date 27.12.2021 Shift-II

Ans. (a) उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

114. 1574 ई. में अकबर की सेना के अधिकार के बाद जोधपुर का प्रशासक किसे नियुक्त किया गया?

(a) युसुफ खाँ (b) बदायूंनी
(c) बीकानेर के कल्याणमल (d) बीकानेर के रायसिंह

कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा-23.12.2019

Ans. (d) उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखे।

115. किस राजपूत राजा की मृत्यु बुराहनपुर में हुई -

(a) अजीत सिंह (b) कर्ण सिंह
(c) राय सिंह (d) जसवन्त सिंह

Live Stock Assistant (Tsp Area)- 16.10.2016

Ans. (c) उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

116. अकबर द्वारा निम्नलिखित में से किस शासक को शमशाबाद एवं नूरपुर की जागीर एवं 'राय' की उपाधि दी गई?